> "Bijji captured the essence of the lives of women, men and animals, having touched every aspect of the social system in his stories so vividly. Bijji has paid tribute to the lives of women through his stories"

Mita Kapur

When Kak was in school in Udaipur, her cousin — a teacher at a rural institute — would often read out Detha's stories to her. It was at her swearing-in ceremony as minister that Kak met Detha.

Kak confessed that she was not much of a

Vaidehi Singh

Abhimanyu Singh

Durga Prasad Agarwal

नंद भारद्वाज की विद्वत्तापूर्ण टिप्पणियों और बीना काक के अत्यंत प्रभावशाली वाचन ने बिज्जी के कथा साहित्य के साथ पूरा न्याय किया. आज का यह कार्यक्रम अविस्मरणीय था. आयोजकों को बधाई!

— Dr Durga Prasad Agarwal

It was a great session. When I was in Jodhpur long ago, I would run into Bijji. I saw him on the street riding his bicycle here and there.

— Subodh Sharma

What a story! She made me cry. The innocence of children touched my heart. What an amazing session!

— Deepak Kalra

बीना जी सू कहजो के थे तोह हस्ता हस्ता ही रूवान दिया। घणो पूट्रो लाग्यो सेशन । टाइम रो ठा ही कोनी पड्यो। तोह मीता जी और बीना जी सू अनुरोध है के ओज्यूँ आज्यो और बेगा आज्यो। सगळा ने घणो घणो प्रेम और शुभकामना।

— Manu Rathod

It was a nice programme with great presentation.

— Amla Batra

Rajasthan Forum Feedback

It was an emotional experience, listening to Bijji's stories. Bijji was a family friend. Bina*ji*'s narration was wonderful, too. I enjoyed the session.

— Ila Arun

What a remarkable session! Both the anchor and the speaker were simply the best! Nand*ji* was excellent.

— Manesha Agarwal

Bina*ji* impressed the audience and proved to be an excellent orator. Many thanks and good wishes to **Prabha Khaitan Foundation**. And congratulations to Nand Bhardwaj*ji* for a remarkably interesting programme.

— Ikram Rajasthani

It was a heart-warming session by Bina*ji* and Nand*ji*. I wish we can attend more such sessions.

— Shakir Ali

It was a pleasantly engaging session. Congratulations, Bina Ma'am!

— Sartaj Mathur

Vinnie Kakkar

reader as a child and it was only later that she became interested in books. But even then politics and household chores kept her busy. The lockdown, however, had given her the opportunity to spend time reading. She even started reading Urdu poetry and also discovered the rich treasure trove of Rajasthani literature.

Talking about her deep love for Rajasthan, Kak shared how she had picked up Rajasthani to be able to speak in the local language in the assembly.

Kak said she has always fallen back on Bijji's stories.

Amish Tripathi

History Revisited, Faith Rediscovered

Writing, for bestselling author Amish Tripathi, is a spiritual experience.

Growing up in a deeply religious family, Amish — like many young adults — had embarked on a journey of atheistic beliefs to build an identity for himself. He was still in college when the author found himself drawn to the invisible entity known as faith.

It was while writing his debut novel, *The Immortals of Meluha*, that Amish's faith was restored. As the words began to flow, he found his muse in his protagonist, Lord Shiva. The transformation led him to believe that every individual engaged in the creative sphere is "channelling a belief".

Amish shared his spiritual journey in a virtual session of **The Write Circle** with **Ehsaas** Woman Neelima Dalmia Adhar.

Neelima Dalmia Adhar


Archana Dalmia


Huma Khalil Mirza

Reema Singh


Shaziya Yaqeen

Shazia Ilmi

> The session with **Prabha Khaitan Foundation** was, as expected, very well-organised. I truly enjoyed the interaction with the moderator, Neelima. The questions were incisive and deep, but also polite and warm; a rare combination. I hope to do many more such events in future.
>
> **— Amish Tripathi**

When writing becomes a practice of faith, the author is inclined towards preaching a core philosophy, Amish said while talking about his latest release, *Legend of Suheldev: The King Who Saved India*.

Offering his virtual audience a quick lesson on how history itself should be taught, Amish said he strongly felt that the way historical knowledge is imparted today poisons society and creates dissonance. While it is true that India has had a bloody history, the manner in which it has been categorised is often wrong. For instance, Amish explained, by dubbing the Turkish rule in India as Islamic rule, Indian Muslims are portrayed as carrying out horrific crimes.

Ina Puri

But the Turks were not Indians, they came from Central Asia. Beginning from roughly the 10th century, Turks went around the world, plundering and killing. They arrived on the borders of present-day India with the same expectations, but failed to wreak havoc because of the valiant efforts of King Suhel. The Turks lost to the king's army and yet this saviour's name and this inspiring tale of unity remains hidden in obscurity.

Rediscovering past heroes can often help uplift entire groups of people. Speaking of the one female character in his novel, Amish stressed that the people need to be reminded that supporting champions of women's rights is not surrendering to western ideals but is returning to our truly Indian roots.

The session ended with a few words from **Ehsaas** Woman Ina Puri.

The Write Circle Delhi is presented by Shree Cement Ltd, in association with Dainik Jagran, *Dineshnandini Ramkrishna Dalmia Foundation and Ehsaas Women of Delhi*

The Write Circle Gurugram is presented by Shree Cement Ltd, in association with Dainik Jagran *and Ehsaas Women of Gurugram*

Tea, Twitter and *Mahabharat*

Amish Tripathi



Manjulika Tyagi

Favourite pastime: Scrolling on Twitter. Most prized follower: Prime Minister Narendra Modi. Favourite TV serial: B.R. Chopra's *Mahabharat.* Favourite character: Vidur.

The latest edition of **The Write Circle** saw author Amish Tripathi sharing these nuggets about himself as he engaged in a virtual chat with Manjulika Tyagi, **Ehsaas** Woman of Meerut.

The session began with Shweta Aggarwal, **Ehsaas** Woman of Faridabad, reminding the viewers about the need for virtual meetings during the pandemic. Agarwal went on to introduce the author, who intriguingly writes about Indian culture in English.

Amish was still in a full-time banking job when he wrote the first two books of the *Shiva Trilogy — The Immortals of Meluha* and *The Secret of the Nagas.*

Coming from a middle-class family, Amish had learnt to make choices that would support his family's economic stability. It was only when the royalties from his books crossed his salary that he quit his job and took on full-time writing.

A rapid-fire round revealed the man behind the author — he prefers tea to coffee, enjoys a walk at dawn rather than a stroll in the evening, happily reads books instead of watching web series and picks non-fiction titles more often than fiction.

Amish said he loved browsing through Twitter and if there was one follower he would never want to lose, it would be Prime Minister Narendra Modi. The author confessed that he enjoyed watching B.R. Chopra's television adaption of the *Mahabharat*, and that his favourite character was Vidur.

But, the most surprising revelation of the night was that Tripathi enjoys singing. Tyagi's quick poser: what would be the theme song to your life? After pondering for a few minutes, Tripathi replied, "*Yeh duniya mil bhi jaaye toh kya hain*".

Asked where he would like to spend his life, Amish said, "In India, anywhere in India". And who would he like to pay a visit to in the past, apart from Lord Shiva, of

It takes talent to be successful for sure, but most importantly, it requires virtue. Amish Tripathi has a special place in our hearts.

— Sukriti Kashyap



Listening to Amish Tripathi is beyond the ordinary. He begins by deconstructing metaphors and almost simultaneously reconstructs them. He is as interesting in his manner of connecting with the audience as he is with his writing.

— Dr Seema Sharma

It's time that the history curriculum should be rewritten by Amish Tripathi, so that young children can be steered in the right direction.

— Shilpa Aggarwal

Had a great time listening to an author I admire a lot. Loved the way he explained how he sees things and how he explains his creativity in his books. Looking forward to more such sessions!!

— Neelam Jain

Amish Tripathi seems to be a scion among the current Indian fiction writers. His easy language and storytelling are very appealing to the millennials too. Through him they are discovering their roots. The skewed history of our great nation has been demystified by him.

— Dr Shobhit Agarwal

It was an enlightening session and seeing him live was exhilarating. He's such a simple, honest and humble person. Enjoyed every minute of it.

— Manish Jain



Shweta Aggarwal

Anshu Mehra



Komal Jain

course? Amish shared that he would be keen on meeting his former wife's father Dr Manoj Vyas, as well as his sister's husband, Himanshu Roy.

Talking about his books, Tripathi said his latest novel, *Legend of Suheldev: The King Who Saved India*, was closely connected to the times we live in. The novel carries a message: Indians cannot be defeated. Whenever we have lost, we have lost to ourselves, Amish said, as he cautioned people against dividing the country.

The event was possible owing to the support of Garima Mittal. The vote of thanks was presented by Anshu Mehra.

The Write Circle Faridabad is presented by Shree Cement Ltd, in association with Dainik Jagran, *Books Enbeyond and Ehsaas Women of Faridabad*

The Write Circle Meerut is presented by Shree Cement Ltd, in association with Dainik Jagran, *Crystal Palace and Ehsaas Women of Meerut*

भारत के महान अतीत और विज्ञान में कोई द्वंद्व नहीं: कलम कोलकाता में पवन के. वर्मा

Pavan K. Varma

कलम कोलकाता यानी **प्रभा खेतान फाउंडेशन** के मुख्यालय पर आयोजित शब्दों का उत्सव। पश्चिम बंगाल की शस्य श्यामला भूमि पर संध्या के समय जब पश्चिम में सूरज अस्त हो रहा था, तब बौद्धिकजनों और भद्र लोगों के बीच **कलम** के आयोजन में विचारों का सूर्य उदित हो रहा था। अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित थे आईएफएस अधिकारी रहे लेखक पवन के. वर्मा। उनसे बातचीत के लिए मौजूद थे, बिशंभर नेवर। स्वागत निलिशा अग्रवाल ने किया। अग्रवाल ने **प्रभा खेतान फाउंडेशन** की इस पहल का परिचय देते हुए कहा कि 'अपनी भाषा अपने लोग' वह संचालक मंत्र है, जिससे **कलम** की अवधारणा को आकार मिला। फाउंडेशन अपने साहित्यिक प्रयासों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में अथक प्रयास कर रहा है। इसके बाद उन्होंने आमंत्रित अतिथि लेखक वर्मा का संक्षिप्त परिचय दिया। कई देशों में कूटनीतिज्ञ और विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रहे वर्मा अंग्रेजी में लिखते हैं, पर हिंदी सहित दूसरी भारतीय भाषाओं में भी अनूदित होकर उनकी किताबें उपलब्ध हैं। ऐसी पुस्तकों में *द ग्रेट इंडियन मिडल क्लास, गालिब: द मैन, द टाइम्स, कृष्णा: द प्लेफुल डिवाइन, बीइंग इंडियन, बिकमिंग इंडियन, द न्यू इंडियन मिडल क्लास, व्हेन लॉस इज गेन, श्रीकृष्णा अवतार, आदि शंकराचार्य* और *द ग्रेटेस्ट ऑड टू लॉर्ड रामा* जैसी पुस्तकें शामिल हैं।

Bishambhar Newar

Nilisha Agarwal

नेवर ने वर्मा के इंद्रधनुषी लेखन की वजह जाननी चाही,जिस पर उन्होंने कहा, "मैं भारत की सांस्कृतिक जड़ों को जानने-पहचानने के साथ ही आज क्या हो रहा है, इस पर भी नज़र जमाए रहा। कृष्ण, चाणक्य, राम, गालिब पर लिखने का आशय एक विषय से दूसरे विषय को समझना था। सांस्कृतिक विरासत को खंगालने के दौरान पुस्तकें बनीं।" सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े सवाल पर वर्मा का उत्तर था, "उपनिवेश के बाद वाला जो समाज है, अभिजात्य और भद्र लोक, वह अपनी संस्कृति से शिफ्ट कर जाता है। यह वर्ग अपनी सांस्कृतिक विरासत को नहीं समझता है।" आदि शंकराचार्य और ग़ालिब पर पुस्तक लेखन के दौरान के अनुभवों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, "लोगों ने शेक्सपीयर को तो पढ़ा है, कालिदास को नहीं पढ़ा। हिंदू दर्शन में कितनी बुनियादी पुस्तकें हैं, कितने मत हैं, इन की जानकारी न भी हो तो जिज्ञासा तो होनी चाहिए। कभी-कभी व्यक्ति अंग्रेजी तो बोल लेता है, पर अपनी भाषा अपनी संस्कृति से अलग हो जाता है, जो कि नहीं होना चाहिए। यह बहुत दुखद बात है।"

कृषि और धर्म प्रधान देश में भूख, गरीबी जैसे मूल प्रश्न से अलग धर्म के नाम पर समस्याओं को दरकिनार करने की प्रवृत्ति पर वर्मा का कहना था, "हिंदू संस्कृति में धर्म और मजहब में अंतर है। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष में धर्म मजहब नहीं है। धर्म है सही आचरण। हिंदू धर्म और दर्शन में कोई टेन कमांड नहीं है।" उन्होंने कहा, "अधिकांश हिंदू अपने धर्म और उसके दार्शनिक बोध को नहीं समझ पाता। इसीलिए लोग इसका गलत इस्तेमाल करने में लगे हैं। जय श्री राम का नारा लगाने वाले क्या श्री राम के आदर्श को जानते हैं?" उन्होंने तुलसीदास जी रचित *परहित सरिस धर्म नहीं भाई, परपीड़ा सम नहीं अधमाई* का जिक्र करते हुए कहा, "भगवान राम मर्यादा के प्रतीक हैं। उन्होंने अन्याय के खिलाफ युद्ध भी किया, आक्रोश भी किया, पर अकारण नहीं। श्री राम का आचरण इतना श्रेष्ठ था कि कैकेयी से भी वनगमन जाने से पहले श्री राम मिलने गए तो कहा, *'सुनु जननी सोई सुत बड़भागी। जो पितु मातु बचन अनुरागी।'* यह मर्यादा पुरुषोत्तम राम की परिभाषा है। "

वर्मा ने *'एकम सत विप्रा बहुधा वदन्ति'* का उल्लेख करते हुए कहा कि *'वसुधैव कुटुंबकम'* से लेकर *'निष्काम कर्म'* जैसे गौरवान्वित अतीत से हम बेखबर होते जा रहे हैं। "मैं किसी को इसके लिए दोष नहीं देता, पर इस पर हमें सोचने की जरूरत है।" धार्मिक कट्टरता पर वर्मा की प्रतिक्रिया थी कि अगर हिंदू फंडामेंटलिज्म गलत है तो मुस्लिम तुष्टीकरण भी गलत है। पंथ निरपेक्ष का मतलब यह तो नहीं कि हम अपना धर्म छोड़ दें। शाहबानो का मसला हो या कश्मीरी पंडितों का, हमने तुष्टीकरण की नीति अपनाई, जो कि गलत है। युवाओं में अतीत और भविष्य के बीच की दुविधा पर वर्मा की प्रतिक्रिया थी, "इतिहास में जाना कट्टरपंथी बनना नहीं है। एक कंप्युटर इंजीनियर भी अपनी अंगुली में तीन अंगुठियां पहन सकता है। हमारा युवा दोनों को साध सकता है। विज्ञान की तरफ जाना संस्कृति से विमुख होना नहीं है। पाइथागोरस, आर्यभट्ट, पाणिनी से लेकर बहुत कुछ ऐसा है, जो प्रमाणित हैं, इतिहास जिसका साक्षी है, उनके बारे में हमें जानना चाहिए।" वर्मा की पुस्तक में भारत के विशाल मध्यवर्ग के उपभोक्तावाद के प्रति आकर्षण से जुड़े सवाल पर उनका उत्तर था, "उपभोक्तावाद मध्यवर्ग का केवल एक लक्षण है। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, हमारे जीवन का एक हिस्सा है। वात्सायन की पुस्तक में यह चार पुरुषार्थ शामिल हैं। अगर शुरू के तीनों पुरुषार्थ साध लिए जाएं, तो मोक्ष मिल जाएगा। भारतीय अपनी आध्यात्मिकता के साथ बहुत अच्छे ढंग से यथार्थवादी और भौतिकतावादी हैं। मेरी आलोचना यह थी कि मध्यवर्ग अपनी खुशहाली से इतना अभिभूत और सीमित हो गया कि उसे वंचित वर्ग का दुख दिखता ही नहीं। हम अघाये समुदाय, अपार्टमेंट में सिमट गए हैं।"

मध्यवर्ग से इस विकार को दूर करने के उपाय पर वर्मा का कहना था, "मध्यवर्ग बहुत प्रभावशाली है, पर उसकी सोच बहुत सीमित है। वह हमेशा जादुई छड़ी की तलाश में रहती है। वह बच्चों की उच्च शिक्षा, अपनी तनख्वाह, सस्ता पर्यटन, बचत, खरीद आदि से ही घिरा रहता है। मध्यवर्ग को अपनी शक्ति को पहचानकर उसका उपयोग देशहित में करना होगा।" श्रोताओं में से भवानीपुर कॉलेज में हिंदी की विभागाध्यक्ष डॉ वसुंधरा मिश्रा के अंग्रेजी वर्चस्व से जुड़े सवाल पर वर्मा का उत्तर था, "शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन अनिवार्य है। पश्चिमी पाठ्यक्रम कई दशकों से लागू है। शिक्षा और संस्कृति सबसे पीछे हैं।" महाभारत, निष्काम कर्म और वेदांत का उद्धरण देते हुए उन्होंने कहा, "ज्ञान का जाति और धर्म से कोई मतलब नहीं। अगर आप सुकरात, प्लेटो, अरस्तू को हमारी शिक्षा पाठ्यक्रम का हिस्सा बना सकते हैं, रोमन साम्राज्य ने ग्रीक को पराजित किया यह पढ़ाया जा सकता है, तो चाणक्य क्यों नहीं?"

कलम कोलकाता के मीडिया पार्टनर थे ताज़ा टीवी। **अहसास** वूमेन कोलकाता की ओर से डोना गांगुली, इशा दत्ता, गौरी बसु, मलिका वर्मा और निलिशा अग्रवाल ने सक्रिय भूमिका निभायी।

Kalam Kolkata is presented by Shree Cement Ltd, in association with Taaza TV and Ehsaas Women of Kolkata

आत्मा और ब्रह्म से जुड़े हमारे धार्मिक सिद्धांत पूर्ण वैज्ञानिकः कलम पुणे में पवन के. वर्मा

कोरोना वायरस के चलते भले ही पुणे शहर लॉकडाउन व भय के बीच फंसा था, पर **प्रभा खेतान फाउंडेशन** ने साहित्य, संस्कृति, समाज व संवाद की अपनी जिम्मेदारी नहीं छोड़ी और महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रमों के साथ-साथ फाउंडेशन की सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियां जारी हैं। 'अपनी भाषा अपने लोग' वह बुनियादी विचार है, जिसके लिए फाउंडेशन **कलम** नामक आयोजन करता है, जिसके तहत पाठक, श्रोता अपने पसंदीदा लेखक से संवाद करते हैं। इसी क्रम में **कलम** पुणे का ऑनलाइन आयोजन हुआ, चुनिंदा साहित्य प्रेमी अपने घरों के सुरक्षित और पसंदीदा माहौल में अपने पसंदीदा, प्रिय लेखक से मिल सकें। इस बार **कलम** पुणे के अतिथि वक्ता के रूप में पूर्व कूटनीतिज्ञ और लेखक पवन के. वर्मा ने शिरकत की। **अहसास** वूमेन की सुजाता सब्निस ने उनका स्वागत किया। भारतीय विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी वर्मा कई क्षेत्रों में समान रूप से दखल रखते हैं। एक कवि, साहित्यकार और लेखक के रूप में भी खासे चर्चित हैं। अब तक उनकी 24 से भी अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। कलिंग अंतर्राष्ट्रीय साहित्य पुरस्कार से सम्मानित इस लेखक से नलिनी मेहरा ने संवाद किया।

मेहरा ने पहला सवाल ही मैथोलॉजी के अर्थ और व्याख्या पौराणिक और मिथ्या पर पूछा। वर्मा का जवाब था, "मैं मैथोलॉजी से प्रेरित नहीं हूं। हर बड़े धर्म में ऐसी गाथाएं और कहानियां होती हैं, जो लोगों को अपने धर्म से जोड़ती हैं, और उन्हें उनकी कई मान्यताओं को समझाने में मदद करती हैं। पर यह कहना कि जितनी भी मान्यताएं थीं, या हमारे जितने भी विश्वास थे, या जितने भी मूलभूत आध्यात्मिक सत्य थे, वे सब मिथ्या हैं, या पौराणिक हैं, या मैथोलॉजी हैं, यह गलत होगा। इसलिए इस शब्द का प्रयोग सावधानी से करने की जरूरत है। उदाहरण के लिए हमारे दो महान ग्रंथ, *रामायण* और *महाभारत* हैं उसकी जो कहानियां हैं, जो पहलू हैं, उनमें कितना आस्था है और कितना मिथ्या है, इसे ऐतिहासिक रूप से प्रमाणित करना मुश्किल है। किसे आप मिथ्या करार देंगे और किसके लिए आप तथ्य ढूंढेंगे यह मुश्किल है। यह दुनिया के सभी धर्मों में है। अगर मैं ईसाइयत की बात करूं तो वहां जीसस का दोबारा जिंदा हो जाना, मिथ्या है या आस्था है? तथ्य और प्रमाण की मांग गलत होगी, इसलिए हमें ऐसी बातों से बचना चाहिए।"

K. Mohanchandran

वर्मा ने '*राम से रामचरित मानस*' की अपनी मंशा को स्पष्ट करते हुए बताया, "*वाल्मिकी रामायण* सबसे पहले लिखा गया था। ईसा से पूर्व कम से कम पांच सौ-छः साल पहले लिखा गया था। गाथा कब हुई थी, इस पर भी कई मत हैं। कुछ लोग ईसा के बारह हजार साल पहले की घटना बताते हैं। *वाल्मिकी रामायण* एक आधार है। ए. के. रामानुजन ने कहा था कि हमारे पास तीन सौ से अधिक रामायण है। उनके कहने का अर्थ था कि हिंदू धर्म की यह खासियत है कि एक केंद्रीय आधार पर कई रचनाएं हो सकती हैं। वह स्थानीय रूप पर आधारित हो सकते हैं। वे कहानी किस्से के रूप में ढलते हैं। कहीं राम सीता के रिश्ते अलग हैं। लक्ष्मण जी की भूमिका अलग है। पूरे दक्षिण पूर्व एशिया में राम की गाथा है। गोस्वामी तुलसीदास जी के पास यह विकल्प था कि वह संस्कृत में इसे आगे बढ़ाएं। पर यह उनका अपना फैसला था कि वह राम जी के बारे में अपनी गाथा आम लोगों की भाषा में लिखेंगे, इसलिए उन्होंने *रामचरित मानस* अवधी में लिखा है। अयोध्या में लिखना शुरू कर वाराणसी में खत्म किया। विल्सन स्मिथ ने कहा, 'इसने तुलसीदास को उतना ही बड़ा सार्वजनिक लीडर बना दिया जितना उस जमाने में अकबर थे।' महात्मा गांधी ने कहा 'तुलसीदास की *रामचरित मानस* महानतम आस्था ग्रंथ है।' मैंने भी इसीलिए *रामचरित मानस* चुनी।" इसके बाद वर्मा ने अपनी पुस्तक को *रामचरित मानस* का आधार बनाने के कारणों की विस्तार से चर्चा की। यही नहीं उन्होंने मानस के कई दोहों पर भी अपने विचार रखे जिन पर विवाद होता है।

Nalini Mehra

हिंदू और सनातन धर्म में ब्रह्म की चर्चा करते हुए वर्मा ने कहा, "आप कल्पना करिए कि आज से हजारों साल पहले कुछ ऋषि महात्माओं ने यह बताया कि आत्मा और ब्रह्म एक हैं। इस पूरे ब्रह्मांड में एक चेतना है। जो अदृश्य है, अचिंत है, पूर्ण है, सर्वज्ञ है, निर्गुण है, यही सबमें है। यह जो दुनिया है व अस्थायी और अस्थिर है। सत्य अनादि और अनश्वर है। आज विज्ञान भी इसे मान रहा है। क्वांटम फिजिक्स में भी जो दिखता है वह नहीं है। *आदि शंकराचार्य* पुस्तक के एक अध्याय में मैंने इस चिंतन का भी जिक्र किया है। हमारे ऋषि और योगियों ने ध्यान के एक क्षण में जो सत्य देखा, उसे वैज्ञानिक भी मानते हैं।" *बीइंग इंडियन* व *बिकमिंग इंडियन* जैसी अपनी पुस्तकों का जिक्र करते हुए वर्मा ने कहा कि मेरी इन पुस्तकों का सार इस बात पर जोर देना है कि कैसे हम धीरे-धीरे अपनी विराट सभ्यता और संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने यह दावा किया कि वैश्विक स्तर पर हम अपनी भूमिका तभी निभा सकते हैं जब हम अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहें, अन्यथा हम दूसरों की कॉपी हो जाएंगे। बतौर अनुवादक उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी, कैफी आज़मी और गुलज़ार साहब की पुस्तकों, रचनाओं की विस्तृत चर्चा के साथ ग़ालिब से शंकराचार्य तक की अपनी लेखकीय यात्रा के अनुभव तो बांटे ही, *रामायण* और *महाभारत* जैसे ग्रंथों, राम और कृष्ण जैसे भगवद अवतार और अयोध्या की श्री राम जन्मभूमि मंदिर और इस्तांबुल के हागिया सोफिया जैसे धार्मिक स्थलों पर भी अपने विचार रखे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, "*महाभारत* एक चिंतन नहीं है। उसमें कई तरह की कथाएं हैं। धर्म उसका मूल है। हिंदू धर्म में दस नियम नहीं है। यह अपने मतावलंबियों को बच्चों की तरह नहीं देखता। यहां धर्म मजहब भी नहीं है। जिन परिस्थितियों में आप हैं उसमें क्या सही और गलत है, यह नहीं, बल्कि क्या होना चाहिए, यह धर्म प्रज्ञा के हिसाब से आप को निर्णय की स्वतंत्रता देता है। *रामायण* की केंद्रित सोच ऐसे पुरुष को परिभाषित करना था जो स्वयं मर्यादा था जबकि कृष्ण में लीला थी। राम मर्यादा पुरुषोत्तम थे तो श्री कृष्ण लीला पुरुष, यह अंतर आपको सीता और राधा में भी दिखता है।" अध्यात्म, विद्वता, ज्ञान व चिंतन के भावों से भरी यह चर्चा और लंबी खिंचती पर समयाभाव ने इसे रोक दिया।

कलम पुणे के हॉस्पिटैलिटी पार्टनर द होटल ओ और मीडिया पार्टनर *लोकमत* था। **अहसास** वूमेन पुणे की ओर से अमिता मुनोत, नीलम सिओलकर और सुजाता सब्निस ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

Kalam Pune is presented in association with The O Hotel, Lokmat, and Ehsaas Women of Pune

दिल्ली मेरी गर्लफ्रेंड, एक्टिंग मेरा जुनून, पर अध्यात्म ने तटस्थ बना दिया: कलम राजस्थान में पीयूष मिश्रा



Piyush Mishra

सावन की इस सुहानी शाम में राजस्थान की रंगरंगीली धरती में *गुलाल* की रंगत मिल गई थी। अवसर था **प्रभा खेतान फाउंडेशन** की ओर से ऑनलाइन आयोजित **कलम** राजस्थान का और अतिथि वक्ता थे फनकार, कवि, कलाकार और निर्देशक पीयूष मिश्रा। उनसे बातचीत की हिंदी के कवि, कहानीकार, फिल्म और कला समीक्षक विनोद भारद्वाज ने। कार्यक्रम का लुत्फ उठाने के लिए जोधपुर, उदयपुर, अजमेर, जयपुर के श्रोता **कलम** राजस्थान के वर्चुअल मंच पर मौजूद थे। बहुमुखी प्रतिभा के धनी पीयूष मिश्रा साहित्य और कला जगत का जाना पहचाना नाम हैं। *नेशनल स्कूल ऑफ़ ड्रामा* से पास आउट होने के बाद उन्होंने दिल्ली में थियेटर में काम किया। 1998 में फिल्म *दिल से* हिंदी सिनेमा में कदम रखा। डायलॉग लिखे, एक्टिंग भी की। पर उन्हें खास पहचान विशाल भारद्वाज की फिल्म *मकबूल* से मिली। उनके चाहनेवाले उनके इस किरदार को भूले नहीं हैं, यही वजह है कि **कलम**

Vinod Bharadwaj

राजस्थान में उनसे संवाद के दौरान उनकी कविताओं, जीवन, संघर्ष पर चचा के बीच उनकी इस फिल्म में निभाए किरदार की बात बार-बार उठी। हालांकि मिश्रा *दिल से*, *मकबूल* के अलावा भी *गुलाल*, *गैंग ऑफ़ वासेपुर*, *एक दिन 24 घंटे*, *दीवार*, *झूम बराबर झूम*, *तेरे बिन लादेन*, *लफंगे परिंदे*, *लाहौर*, *भिन्डी बाजार*, *रॉकस्टार*, *तमाशा*, *द लेजेंड ऑफ भगत सिंह*, *हैप्पी भाग जाएगी*, *हैप्पी फिर भाग जाएगी*, *पिंक*, *संजू* जैसी फिल्मों से जुड़कर लगातार सक्रिय हैं। हाल ही में *इलीगल* वेब सीरीज में भी उनके काम को काफी सराहा गया।

फाउंडेशन व **अहसास** वूमेन की ओर से अपरा कुच्छल ने **कलम** राजस्थान में अतिथि वक्ता मिश्रा और संवादकर्ता भारद्वाज का स्वागत किया और संक्षिप्त परिचय दिया। आगे की बातचीत का जिम्मा भारद्वाज ने उठाया। उन्होंने मिश्रा के जीवन पर ग्वालियर, दिल्ली और मुंबई के प्रभाव पर उनकी प्रतिक्रिया पूछी। मिश्रा का जवाब था, "दिल्ली मेरी गर्ल फ्रेंड है। ग्वालियर में मैं इंट्रोवर्ट बच्चा था, पर जब मैं कुछ करता तो लोग प्रभावित होते। मुझे लगा कि मेरे कहने से लोग हंस रहे थे, रो रहे थे। थिएटर मैं कर रहा था, इसलिए मैं मानता हूं कि थिएटर ने मुझ पर बहुत प्रभाव डाला। जब मैं *नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा* में गया तो मुझे ग्वालियर छोड़ कर जाने की खुशी थी, क्योंकि मैं वहां कुछ कर नहीं पा रहा था। मुझे पता था, रुकना नहीं है, लगातार चलते जाना है, इसलिए कन्फ्यूजन कभी खत्म नहीं हुआ। हां जब से मैंने प्राणायाम के बारे में जाना, तब मुझे यह जरूर लगा कि यह मेरे जीवन में पहले क्यों नहीं आया।"

Apra Kuchhal

भारद्वाज ने ज़िंदगी के तजुर्बे के बारे में पूछा और मिश्रा की एक खास कुर्सी पर बैठकर लिखने की आदत की चर्चा की, तो मिश्रा ने उसे अफवाह करार दिया। भारद्वाज ने गायन, लेखन, पेंटिंग आदि के क्षेत्र में समान रूप से काम करने के बावजूद किस विधा से मिश्रा का लगाव है? पूछा तो मिश्रा ने कहा, "मुझे थिएटर ही करना था, इसलिए संघर्ष चला। मेरे साथ के लोग बहुत पहले मुंबई आ चुके थे। मेरे दोस्त मुझे मुंबई बुला भी रहे थे, पर जब भूखों मरने की नौबत आ गई, तब मुंबई पहुंचा। छियालिस साल की उम्र में *गुलाल* में काम मिला। *गुलाल* के एक गीत *ये दुनिया अगर मिल भी जाए तो क्या है* के साहिर लुधियानवी से प्रेरित होने के सवाल पर मिश्रा का जवाब था, "यह अनुराग कश्यप का आइडिया था। यह पूरी फिल्म साहिर साहब की इस पंक्ति *ये दुनिया अगर मिल भी जाए तो क्या है* को समर्पित थी। इसीलिए मैंने उसे लिखा भी, कंपोज भी किया और गाया भी। खुशी की बात है कि इसे लोगों ने पसंद किया।"

मिर्ज़ा ग़ालिब की चर्चा पर मिश्रा ने कहा, "सच तो यही है कि ग़ालिब मुझे समझ नहीं आए। ये बहुत भारी भरकम लोग हैं। इसी तरह निराला की *राम की शक्ति पूजा* पढ़ने पर भी मेरे पल्ले नहीं पड़ी। पर दिल्ली में मैं लंबे समय तक रहा। उस की याद आती रहती है। ग़ालिब को याद रखने का इससे अच्छा तरीका क्या हो सकता है, इसलिए बैंड का नाम *बल्लीमारान* रखा। इस बैंड में सारे गाने मेरे थिएटर के गाने हैं। हमने इसे एक्सक्लूसिव रखने की कोशिश की है। जहां तक भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव पर काम करने की बात है, तो इन पर काम करने की वजह यह थी कि इन्होंने बहुत कम उम्र में बड़ा काम किया। नेहरूजी, गांधीजी, चेग्वारा आदि सभी ने भी बड़ा काम किया पर एक उम्र पर पहुंच कर। पर जब मैंने भगत सिंह को पढ़ा, एक कलाकार के रूप में उनके किरदार को समझा, तो उनके जीवन की घटनाओं को महसूस किया। अपने इमेजिनेशन में देखा। घटनाओं को घटते हुए महसूस किया। लोगों को लगा कि यह बहुत कुछ जानता है। लोगों ने उनके सोशलिस्ट होने पर काम किया पर चौबीस घंटे तो आदमी सोशलिस्ट नहीं हो सकता, इसलिए मैंने उनकी ख़्वाहिश पर, रसगुल्ला पर, प्रेम पर, उनके खाने पीने, नास्तिकता पर, *गीता* और विवेकानंद से प्रेम पर सब पर काम किया, पर अभी भी पूरी तरह समझ नहीं पाया।" थिएटर के किन लोगों का उन पर प्रभाव पड़ा? मिश्रा का कहना था कि "मैं बड़े लोगों से प्रभावित होकर उनके नजदीक गया और पाया कि ये जो बड़े नाम हैं वे भी सामान्य लोग हैं।"

मिश्रा से हो रही इस बौद्धिक चर्चा को भारद्वाज ने कविता की ओर मोड़ दिया और अनुरोध किया कि वह अपनी कविता, *मेरी सारी प्रेमिकाओं के नाम* सुनाएं। फिर मिश्रा ने इस शर्त पर कविता सुनाई कि पूरी कविता सुननी होगी। कविता की कुछ पंक्तियां यों थीं। '*जितना बचपन सच उतना ही प्रेम निवेदन भी सच है/और प्रेम निवेदन सच है, तभी ये चंचल यौवन भी सच है/और यौवन जो गर सच है तो फिर प्रौढ़ वर्ष भी सच होंगे/और प्रौढ़ वर्ष जब सच होंगे तो सच होगा उनके संग में/ कुछ गिरे दांत और पोंपल मुंह*'। इस कविता पाठ के तुरंत बाद बातचीत बहुविध विधाओं से मिश्रा के लगाव पर जा पहुंची और उनसे पूछा गया कि इतने सारे कामों के बीच कौन सी विधा मिश्रा को सबसे प्रिय है? उनका जवाब था —"सबसे आसान है गीत लिखना, पर मेरी प्रिय विधा है एक्टिंग। इसमें बहुत मेहनत होती है। मैं किसी भी भूमिका के पहले पागल हो जाता हूं। यही मेरा उद्गम है। अगर मैं एक्टिंग छोड़ दूं, तो कुछ भी नहीं कर सकूंगा। पर यह मेथड एक्टिंग नहीं है। हर व्यक्ति की अपनी

Aarambh hai prachand! Well begun is half the battle won! Inspiring lines from the **Kalam** session with Piyush Mishra. A very interesting and insightful session!

— Sushma Sethia

मैं **प्रभा खेतान फाउंडेशन** का हार्दिक धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने पीयूष मिश्रा जी को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। अपनी कई खूबियों के धनी मिश्रा जी ज़मीन से जुड़े व्यक्ति हैं। उनकी यह बात 'कोई बड़ा स्टार नहीं है ।आप ख़ुद को पहचाने ।आप से बड़ा और कोई ख़ास व्यक्तित्व किसी और का नहीं है' बहुत अलग थी। उनका कविता पाठ भी बहुत अच्छा रहा । मिश्रा जी का सेशन प्रेरणादायक रहा। धन्यवाद।

— Dr Veena Chundawat



Another invigorating session by **Prabha Khaitan Foundation** with the revolutionary Piyush*ji* who did not mince his words and spoke from his heart. These sessions have been a ray of light in the dull gloomy world of the pandemic.

— Swati Agarwal

It is great to have the **Kalam** sessions in the comfort of our homes. They enliven us and keep the spirits high. This session was particularly interesting and gave an insight into the world of films.

— Namrata Chowksi

अपनी एक्टिंग हैं।" एक सवाल के जवाब में मिश्रा ने कहा कि बच्चे बड़े हो जाते हैं तो आप उनके दोस्त हो जाते हैं। उनसे भी बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

सवाल-जवाब की बारी आई तो सपना महेश ने पूछा, *मकबूल* के अपने रोल के लिए आपने अपने को कैसे तैयार किया? जवाब में मिश्रा ने कहा, "इसमें एनएसडी के बहुत सारे साथी काम कर रहे थे, तो इसमें तो मुझे बेहतर करना ही था। किसी भी कैरेक्टर को करने के लिए आपको शब्दों से अलग उनके साथ जीना होगा। हिलना, डुलना होगा, समझना होगा। यह स्क्रिप्ट से अलग होता है।" जोधपुर से अयोध्या प्रसाद का सवाल था कि ज़िंदगी की सबसे बड़ी चोट क्या थी, कैसे उबरे आप? पर पलट कर मिश्रा ने जवाब दिया, "क्या आप शराब की बात कर रहे हैं? जब तक मेरी ज़िंदगी में अध्यात्म नहीं आया था, मैं शराब का गुलाम हो गया था। दर्द *का हद से आगे बढ़ जाना दवा बन जाता है*। योग अध्यात्म ने सब कुछ बदल दिया। मानवता का भाव आने के बाद सब कुछ बदल गया।"

उदयपुर से स्वाति अग्रवाल के शिक्षा, विज्ञान और अकादमिक शिक्षा से जुड़े सवाल पर मिश्रा कहना था, "विज्ञान पढ़ने के पीछे का कारण मुझे पढ़ाई के दौरान नहीं समझ में आता था कि इनकी जरूरत क्या है? पर *अल्बर्ट आइंस्टाइन* करने के दौरान मुझे यह समझ आया। '*ज़िंदगी हर तरफ एक नई जंग है*' से मैं ज़िंदगी से हरदम सीखता रहा। जीने की ललक से मैं बहुत कुछ सीखता रहा। मैं कोई लूज़र नहीं हूं। मैंने घाट-घाट का पानी पिया। कई बार गिरा, पर एक जिजीविषा, जीने की ललक थी। जिससे मैं आगे बढ़ा। एकेडमिक्स का मतलब केवल स्कूली शिक्षा नहीं। बच्चों को छोड़ दीजिए। इसलिए बच्चों को अकादमिक शिक्षा से अलग भी जो करना चाहें करने दें...." विवेक शर्मा का सवाल था कि फिल्मों का असर समाज पर क्या होता है? विकास दुबे ने *अर्जुन पंडित* फिल्म सौ बार देखी आपका कहना क्या है? मिश्रा का जवाब था, "यह सब बेकार की बातें हैं। हमारे बहुत नजदीक मत आइए, दूर रहकर हमारी इज़्ज़त करिए। हर एक्टर भी एक आर्डिनरी आदमी हैं।" स्वामी विवेकानंद का उद्धरण देते हुए उन्होंने कहा कि एक बार किया गया कर्म लौटता



Piyush Mishra is talent that goes way beyond theatre and films. His life story exemplifies how he turned his demons into art, his failures into teachers and his weaknesses into reasons to keep fighting.

A wonderful session with a brutally honest and grounded man who wore his scars like his wings to struggle and persevere against not only the outside world but his own demons as well. The biggest takeaway was the indomitable spirit to keep one's dreams above the mundane realities of life. An inspiring story!

— **Shelja Singh**

Kalam with Piyush Mishra
Who dons so many hats:
Composer, Lyricist, Painter,
Scriptwriter and Singer.

Multitalented, multitasking,
In all genres of the Arts,
But biggest is his dramatic passion:
Film and Theatre Action!

Inspiring meaningful lines,
Of his beautiful poems:
Recited by him did profess,
His lucidity and poetic prowess.

Lyrics of his song *Aarambh*
Displayed shades of Motivation;
Versatility, Creativity, Humility,
All aspects of his personality!

— **Preeti Mehta**

जरूर है।

तृप्ति पांडेय के इस सवाल पर कि थिएटर में आप क्या कर रहे हैं? मिश्रा का जवाब था, "काफी कुछ कर रहा। पिछले साल थिएटर के लिहाज से काफी अच्छा था, पर अब कोरोना ने सब रोक दिया है। लॉक डाउन ने धुंध बढ़ा दिया। हमें इसके साथ जीना सीखना होगा।" वीना चंदावत के एक सवाल पर उन्होंने कहा, "अब अगर मेरा वश चले तो मैं आंखें बंद करके अध्यात्म करना चाहता हूं। ध्यान करना चाहता हूं। इसके अलावा मैं जो कुछ भी कर रहा वह जीवन जीने के लिए कर रहा। जब तक कलम चल रही यात्रा जारी है।" आपकी बहुधंधी गतिविधियों से कहीं आपकी मूल प्रतिभा खत्म तो नहीं हो जाती? के जवाब में मिश्रा ने चर्चित मराठी लेखक शिवाजी सावंत के उपन्यास *मृत्युंजय* का जिक्र करते हुए कर्ण के जीवन का जिक्र किया और यह माना कि मेरी बहुमुखी प्रतिभा भी शुरुआती दौर में मेरे लिए प्रताड़ना थी। पर 'ध्यान' से मेरे अंदर इतना अंतर आ गया, कि मैं तटस्थ होकर समझ सकता हूं। पर इसका मतलब यह नहीं कि मैं आरएसएस और भाजपा का हो गया।

सुजाता भंडारी के विपश्यना से जुड़े सवाल पर मिश्रा ने 'ध्यान' को राज योग करार दिया। उन्होंने कहा विपश्यना से साक्ष्य भाव से चीजों को देखना सीख लिया है। यह यात्रा खत्म नहीं होगी।

मिश्रा से जब उनके सबसे पसंदीदा, दिल के करीब गाने की फरमाइश हुई तो उन्होंने *आरम्भ है प्रचंड* कविता सुनाई। इस कविता की चंद पंक्तियां यों थीं, '*आरम्भ है प्रचंड, बोले मस्तकों के झुण्ड, आज जंग की घड़ी की तुम गुहार दो। आन, बान, शान या की जान का हो दान, आज एक धनुष के बाण पे उतार दो। मन करे सो प्राण दे जो, मन करे सो प्राण ले जो, वही तो एक सर्व शक्तिमान है। ईश की पुकार है, ये भागवत का सार है कि युद्ध ही तो वीर का प्रमाण है*' सुनाया। दुर्गा प्रसाद के इस सवाल पर कि मौका और छूट हो तो वे किस विषय पर फिल्म बनाएंगे? मिश्रा का सीधा सा जवाब था, "मैं अल्कोहलिज्म पर फिल्म बनाना चाहता हूं, जो सीख के रूप में नहीं बल्कि मजाकिया रूप में हो, और लोगों को इसके असर के बारे में बताए" अतिथि मिश्रा और संवादकर्ता भारद्वाज ने **प्रभा खेतान फाउंडेशन** का इस भव्य आयोजन में बुलाने के लिए आभार ज्ञापित किया।

प्रासंगिकता और उपयोगिता में फंसी राजनीतिः कलम बिलासपुर और रायपुर में विजय त्रिवेदी

Vijay Trivedi

यह **प्रभा खेतान फाउंडेशन** की ओर से 'अपनी भाषा, अपने लोग' अभियान के तहत आयोजित **कलम** बिलासपुर & रायपुर का अनोखा संवाद कार्यक्रम था। अतिथि वक्ता के रूप में पत्रकार, लेखक विजय त्रिवेदी उपस्थित थे। गौरव गिरिजा शुक्ला ने त्रिवेदी का स्वागत करते हुए **कलम** के कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि **प्रभा खेतान फाउंडेशन** के सौजन्य से यह कार्यक्रम लेखक और पाठक के बीच सेतु की भूमिका निभाता है। देश-विदेश के तीस शहरों में ऐसे आयोजन होते हैं। फाउंडेशन कला, संस्कृति, शिक्षा के क्षेत्र में भी काम कर रहा है। लॉकडाउन के चलते इस कार्यक्रम के वर्चुअल होने की जानकारी देते हुए शुक्ला ने अतिथि लेखक त्रिवेदी का विस्तृत परिचय दिया। त्रिवेदी न्यूज टेलीविजन के परिचित पत्रकार रहे हैं। अनेक प्रतिष्ठित मीडिया घरानों में काम किया है। राजनीतिक घटनाओं पर पकड़ रखने वाले त्रिवेदी को संसदीय राजनीति की गहरी समझ है। भारतीय जनता पार्टी को वह कवर करते रहे हैं और उसके राजनेताओं को करीब से देखा है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पर लिखी *हार नहीं मानूंगा*, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ पर *यदा यदा ही योगी* और *बीजेपीः कल, आज और कल* नामक उनकी पुस्तकें काफी चर्चित रही हैं। परिचय के बाद उन्होंने बातचीत की कमान अभिकल्प फाउंडेशन व **अहसास** वुमेन से जुड़ी डॉ गरिमा तिवारी को सौंप दी।

तिवारी ने पहला सवाल त्रिवेदी की पारिवारिक पृष्ठभूमि और उनके अब तक के पत्रकारिता के सफर पर पूछा। जवाब में त्रिवेदी ने राजस्थान की माटी और जयपुर से अपने लगाव की बात बताई और कहा कि हम अपने अनुभवों से ही सीखते हैं। प्रिंट तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया की अपनी अब तक की यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने बलराज साहनी के जीवन की एक घटना का जिक्र किया और कहा, "आजादी के 75 साल बाद भी क्या हमारी गुलामी की मानसिकता बदली है? क्या हममें सवाल पूछने की हिम्मत है?" आखिर

Gaurav Girija Shukla

इसका विकल्प क्या है? पूछे जाने पर त्रिवेदी का कहना था, "आज का समय पत्रकारिता के लिए बहुत कठिन है। निष्पक्षता और सत्यता की कसौटी पर खरा उतरना मीडिया संस्थानों के लिए बेहद आवश्यक है। हाल के दिनों में इनकी साख कमजोर हुई है। हालांकि छोटे शहरों, कस्बों और गांवों में आज भी निष्पक्ष और ईमानदार पत्रकारिता जीवित है, जो कि सबसे बड़ी उम्मीद है।" सरकारी नौकरी छोड़ कर अपने खुद के मीडिया में आने का जिक्र करते हुए त्रिवेदी ने बताया कि कैसे भारतीय जनता पार्टी को कवर करने के दौरान उनसे उनकी पहली किताब लिखवाई गई, और फिर अटल जी पर लिखी पुस्तक का सिलसिला, योगी आदित्यनाथ और भाजपा पर लिखी पुस्तक तक पहुंचा। त्रिवेदी ने यह दावा किया कि राजनीतिक व्यक्तियों और दलों पर लिखने के बावजूद उनकी किताब किसी का प्रचार नहीं करती है।

खुद की लिखी पुस्तकों में उन्हें सबसे प्रिय कौन सी है? के सवाल पर उन्होंने छूटते ही अटल बिहारी वाजपेयी पर लिखी पुस्तक *हार नहीं मानूंगा* का नाम लिया। त्रिवेदी ने इसकी वजह भी बताई। उनका कहना था, "अटलजी पर लिखी किताब भारत के पचास सालों का राजनीतिक इतिहास भी है। नेहरू, संघ, चीन, कांग्रेस, आपातकाल, जनता पार्टी, भाजपा, राम मंदिर, पाकिस्तान, भारत सहित इसमें वह सभी वाकिआ शामिल है, जिसका असर देश पर हुआ। मेरी किताब उस समूचे दौर और बदलावों को बताती है।" पुरानी भाजपा और नई भाजपा के अंतर को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा, "दोनों में बहुत अंतर है। मेरी किताब पढ़ने से यह पता चलेगा कि 'गांधीवादी समाजवाद' से चली भाजपा 'पंचतारा संस्कृति' में कैसे बदल गई। एक जमाने में कार्यकर्ताओं के दरी बिछाने पर चर्चा होती थी, और अब इस बात पर चर्चा होती है कि कौन सा नेता किस चार्टर्ड प्लेन से जाएगा, किस फाइव स्टार होटल में रुकेगा। हालांकि इस दौरान पूरी दुनिया में ही बदलाव हुए हैं। पर इन सबके बावजूद भाजपा अब भी अपनी विचारधारा पर टिकी हुई है।" क्या मोदी जी पर वे कोई किताब लिखेंगे? के सवाल पर उन्होंने बताया कि ऐसी कोई योजना नहीं है।

कांग्रेस के भविष्य पर उनका कहना था, "लोकतंत्र में जनता ही राजा है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की संख्या अब भी दस करोड़ है। पर वह अपने सबसे बुरे वक्त में है।" त्रिवेदी ने कहा, "भले ही राजनेताओं को या दलों को ये भ्रम हो जाए कि वे सबसे ताकतवर हैं, लेकिन सच्चाई यही है कि लोकतंत्र में जनता ही किंग मेकर की भूमिका निभाती है और वह शांत रहती है। उसे जब भी सत्ता को बदलना होता है वह बदल देती है। उसकी जब जो इच्छा होती है वह वही करती है।" आपके पास इतनी राजनीतिक समझ है, क्या आप भी राजनीति में आएंगे? के जवाब में त्रिवेदी का कहना था, "नहीं। पत्रकार को अपना इस्तेमाल होने देने से बचना चाहिए।"

मीडिया की भूमिका पर उनकी राय क्या है? क्या मीडिया देश का माइंडसेट तय कर रहा है? जैसे सवालों के जवाब में विजय त्रिवेदी ने कहा, "ऐसा सिर्फ मीडिया को लगता है कि वह देश का मूड या माइंडसेट तय कर रहा है। जबकि सच्चाई इससे अलग है।" आपातकाल पर लालकृष्ण आडवाणी के चर्चित वाक्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि *'मोर लायल देन किंग'* की स्थिति गलत है। उन्होंने कहा कि जनता को इतना महत्त्व मीडिया को नहीं देना चाहिए कि उसे यह गलतफहमी हो जाए कि देश और सरकार वही चलाते हैं। मीडिया की अपनी जिम्मेदारी है निष्पक्ष, ईमानदार और निर्भीक पत्रकारिता करने की। उसे अपने दायित्वों को पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे शहरों में पत्रकारिता बची है, जिंदा है। दिल्ली उन्हीं की खबरों को उठाती है। मीडिया के दिल्ली केंद्रित होने की वजह उन्होंने बाजार को बताया। उनका कहना था कि अब पत्रकार जमीन पर नहीं जाना चाहते। दिल्ली में बैठे राष्ट्रीय चैनल वहां की खबरों को इतना दिखाते हैं कि लगता है पूरे देश में सब कुछ दिल्ली में ही हो रहा है। लेकिन, ऐसा नहीं है।

प्रधानमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व संबंधी सवाल पर त्रिवेदी ने कहा कि अटल जी सबको लेकर चलने वाले प्रधानमंत्री थे। उन्होंने कहा था कि मैं उस सरकार को चिमटे से भी नहीं छुऊंगा, जो भ्रष्टाचार में लिप्त हो। राजनीतिक क्षेत्र में मनभेद और मतभेद के सवाल पर त्रिवेदी ने पुराने जमाने की राजनीति और वर्तमान में आए बदलाव का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह दुखद है। अटल बिहारी वाजपेयी और पंडित नेहरू के संबंधों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि नेहरू के प्रधानमंत्री रहने के दौरान अटल बिहारी वाजपेयी युवा नेता थे, लेकिन दोनों सदैव एक-दूसरे का सम्मान करते थे। त्रिवेदी ने राजस्थान में भैरोंसिंह शेखावत के कार्यकाल में विधानसभा में सबसे अच्छे वक्ता की ओर से लड्डू बांटने की मजेदार परंपरा का भी उल्लेख किया। निष्पक्ष पत्रकारिता की बात आने पर विजय त्रिवेदी ने कहा कि पत्रकारिता के लिए सबसे बुनियादी आवश्यकता है कि आप सवाल पूछने की हिम्मत रखते हैं। मीडिया को हमेशा विपक्ष में खड़ा रहना चाहिए। पत्रकारिता में रिश्तेदारी से बचना चाहिए।


Garima Tiwari

पत्रकारिता पर लगने वाले तमाम आरोपों में से उन्होंने कहा कि काफी बातें अब सच हैं। एंकर ही अभी प्रवक्ता हैं। लेकिन यह बदलाव आएगा। गांधी जी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि गांधी के दौर में भी ऐसा था। पर गांधी की अहिंसा को तब स्वीकारा नहीं गया। गांधी की प्रासंगिकता हिम्मत से होगी। सत्य को स्वीकार करने का हममें साहस नहीं है। हम अब अपने आपसे सच नहीं बोल सकते। सबसे ज्यादा उपयोग में होने वाली करेंसी पर भी गांधी हैं। एक सवाल के जवाब में त्रिवेदी ने कहा, "प्रासंगिकता और उपयोगिता में अब अंतर आ गया है। आज यूज एंड थ्रो का जमाना है। उपयोगिता को समझने में कोई बुराई नहीं है।" उनका दावा था विचारधारा और संगठन में आडवाणी जी के कद का कोई व्यक्ति नहीं।

कलम बिलासपुर और रायपुर के इस सत्र में सवाल-जवाब के दौरान काफी रचनात्मक बातचीत हुई। त्रिवेदी और तिवारी की इस मनोरंजक बातचीत के बीच दर्शकों के उत्साह पर शुक्ला यह कहे बिना नहीं रह सके कि **कलम** अपने अराजनीतिक स्वरूप के लिए जाना जाता है और यह पहला अवसर है, जब राजनीति पर इतनी सारी बातें हुईं। सवालों के सत्र में आराधना शर्मा, विभाष कुमार झा, प्रवीण तिवारी, डॉ प्रसन्न कुमार, पूर्णिमा तिवारी, संजीव, कल्पना मिश्रा, शोभित वाजपेयी, अतुल आदि ने शिरकत की। शुक्ला ने सभी का आभार प्रकट किया।

कलम बिलासपुर और रायपुर के प्रायोजक थे श्री सीमेंट। हॉस्पिटैलिटी पार्टनर हयात रायपुर और मीडिया पार्टनर *दैनिक जागरण* की ओर से *नई दुनिया* थे। अभिकल्प फाउंडेशन का सहयोग मिला और **अहसास** वूमेन की ओर से गरिमा तिवारी ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

Kalam Raipur is presented by Shree Cement Ltd, in association with Hyatt Raipur and Abhikalp Foundation

Kalam Bilaspur is presented by Shree Cement Ltd, in association with Nayi Duniya, *Abhikalp Foundation and Ehsaas Women of Bilaspur*

To My Homeland, Always...

Amandeep Sandhu

Janvi Sonaiya

Love for the homeland was at the heart of a virtual session with author Amandeep Sandhu.

The author of *Panjab: Journeys Through Fault Lines* was in conversation with Janvi Sonaiya at **The Write Circle** Ahmedabad, hosted by **Prabha Khaitan Foundation**.

The Odisha-born author, now living in Bangalore, declared his undying love for Punjab and shared why he always returned to his homeland through his works. Sandhu said he was eager to understand the culture and its people. Indeed, his oeuvre has been centred around his journey to find the missing piece of Punjab. While researching for his first book, *Panjab: Journeys Through Fault Lines*, Sandhu had a tough time gathering information.

In his most recent work *Sepia Leaves*, Sandhu writes about schizophrenia, a mental disease that runs in his family. The novel is Sandhu's effort to shed light on the socio-cultural stigma and misconceptions regarding mental health, and how it acutely affects an entire family, not just the patient alone.

The geo-cultural presence of Punjab in Sandhu's writings has been his way of finding his individual identity, and that of his state as well. Sandhu hoped that the world will some day recognise the deep-set socio-political conflicts that jeopardise the state and work to solve such bitterness.

Sandhu's works include the semi-autobiographical *Roll of Honour*, which was nominated for the Hindu Literary Prize for Best Fiction in 2013, and *Sepia Leaves*, set in the golden heart of Punjab.

